




... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, सोमवार, 09 मार्च-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 165 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया










# ईरान जंग से बाजार धड़ाम

## पश्चिम एशिया तनाव के असर से रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर

● सोने-चांदी के कीमतों ने भी लगायी ऊंची छलांग



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में आए उछाल के कारण भारत समेत दुनियाभर के शेयर बाजार धड़ाम हो गए हैं। सोमवार की सुबह भारतीय शेयर बाजार के लिए किसी सदमे से कम नहीं रहा। सोमवार को सुबह-सुबह भारतीय शेयर बाजार में हुई भारी बिकवाली के कारण शुरुआती कारोबार में ही निवेशकों को करीब 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान होने की आशंका है। बेंचमार्क सूचकांक भारी बिकवाली के दबाव के साथ खुले। सेंसेक्स 2,320 अंकों का भारी गोता लगाकर 76,598 के स्तर पर आ गया, वहीं निफ्टी करीब 700 अंक टूटकर 23,764 पर पहुंच गया। बैंक निफ्टी में भी 2,288 अंकों की भारी गिरावट दर्ज की गई। रुपया भी शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले 43 पैसे गिरकर 92.25 पर आ गया। शेयर बाजार में गिरावट का संकेत गिफ्ट निफ्टी से भी मिल रहा था, जो कि सुबह साढ़े 7 बजे 765.50 अंक या 3.11 फीसदी की जबरदस्त गिरावट के साथ 23810.50 पर था। निवेशकों की नजर वेस्ट एशिया में हो रहे डेवलपमेंट और ग्लोबल एनर्जी सप्लाई पर उनके असर पर है। साथ ही क्रूड ऑयल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और बड़े ग्लोबल रिस्क सेंटिमेंट पर भी फोकस रहेगा। वहीं दूसरी तरफ भारतीय रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और डॉलर की बढ़ती मांग के कारण रुपये पर दबाव बढ़ गया। शुरुआती कारोबार में रुपया 92.20 प्रति डॉलर पर खुला, लेकिन जल्दी ही गिरकर 92.528 तक पहुंच गया। वैश्विक अनिश्चितता और इक्विटी बाजारों में मचे इस हाहाकार के बीच निवेशक सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं। यही कारण है कि डॉलर इंडेक्स तीन महीने के ऊंचे स्तर 99.50 के पार निकल गया है और घरेलू बाजार में सोने व चांदी की कीमतों में तेज उछाल देखने को मिला। जब तक मध्य पूर्व के कूटनीतिक हालात स्थिर नहीं होते और कच्चे तेल की सप्लाई चेन से जुड़ी चिंताएं दूर नहीं होतीं, बाज़ार में यह दबाव और 'रिस्क-ऑफ' सेंटिमेंट बने रहने की पूरी संभावना है।

### कच्चे तेल की कीमतों में बड़ा उछाल

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 25 प्रतिशत से ज्यादा उछलकर 118 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया। अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच बढ़ते युद्ध ने तेल बाजार में अस्थिरता बढ़ा दी है। विशेषज्ञों का कहना है कि तेल की कीमतें बढ़ने से भारत जैसे आयातक देशों में डॉलर की मांग बढ़ जाती है, जिससे रुपये पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है।

## दिल्ली हाईकोर्ट से केजरीवाल और सिसोदिया समेत 23 को नोटिस जारी



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में दिल्ली हाईकोर्ट में आज अहम सुनवाई हुई। दिल्ली की आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने राउज एवेन्यू कोर्ट के उस फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया तथा कुल 23 आरोपियों को आरोपमुक्त किया था। दिल्ली हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को मनी लॉन्ड्रिंग मामले से जुड़े केस की सुनवाई से रोक दिया है। हाई कोर्ट ने निर्देश दिया है कि ट्रायल कोर्ट में चल रही ईडी मामले की कार्यवाही को तब तक के लिए टाल दिया जाए, जब तक कि सीबीआई की इस याचिका पर फैसला नहीं हो जाता। मामले में सभी पक्षकारों को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। अगली सुनवाई 16 मार्च को होगी।

## मिडिल ईस्ट तनाव पर विदेश मंत्री ने जतायी चिंता, हाई अलर्ट पर भारतीय दूतावास



**नई दिल्ली।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा में मिडिल ईस्ट में जारी जंग पर चिंता व्यक्त की है। एस जयशंकर ने मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ईरान की लीडरशिप से संपर्क मुश्किल हो गया है। साथ ही उन्होंने संवाद और कूटनीति के जरिए तनाव कम करने की अपील की। मिडिल ईस्ट में जारी जंग को लेकर जयशंकर ने सदन को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और सरकार का प्राथमिक ध्यान वहां फंसे एक करोड़ से अधिक भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर है। भारत इस अस्थिरता को रोकने के लिए वैश्विक स्तर पर निरंतर संपर्क में है। विपक्षी सांसदों की नारेबाजी के बीच जयशंकर ने कहा, 'हमारी सरकार ने 20 फरवरी को एक बयान जारी कर गहरी चिंता व्यक्त की थी और सभी पक्षों से संयम बरतने का आग्रह किया था। हम अब भी मानते हैं कि तनाव को कम करने के लिए संवाद और कूटनीति का सहारा लेना चाहिए।'

## दिल्ली बस ने कई लोगों को कुचला दो की मौत, गुस्साई भीड़ ने की आगजनी

**नई दिल्ली।** नांगलोई इलाके में बेकाबू डीटीसी बस ने कुछ लोगों को कुचल दिया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। आक्रोशित लोगों ने बस को रोक कर उसपर पथराव कर दिया। तोड़फोड़ करने के बाद भीड़ ने एक बस को आग के हवाले कर दिया। पथराव में छह बसों के शीशे टूट गए हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया है। पुलिस मौके पर मौजूद भीड़ को तितर-बितर कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, आज सुबह करीब 9.45 बजे नजफगढ़ की तरफ से आ रही डीटीसी क्लस्टर बस ने एक स्कूटी, एक बाइक, एक रिक्शा और कुछ पैदल चलने वालों को टक्कर मार दी। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है।

## ईरान जंग पर विपक्ष का दोनों सदनों में हंगामा

● सरकार स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर बहस के लिए तैयार




**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दूसरे फेज के पहले दिन लोकसभा और राज्यसभा में अमेरिकी-इजराइल और ईरान जंग पर जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष जंग के बाद पश्चिम एशिया में बने हालात पर चर्चा की मांग कर रहा था। उधर, विदेश मंत्री ने पहले राज्यसभा में और फिर लोकसभा में गल्फ देशों से भारतीयों की वापसी और एनर्जी संकट को लेकर तैयारियों के बारे में बताया। राज्यसभा में विपक्ष ने सदन से वॉकआउट कर दिया। जयशंकर ने कहा, 'इस समय ईरान की लीडरशिप से कॉन्टैक्ट मुश्किल है, लेकिन भारत शांति और बातचीत के पक्ष में है।' लोकसभा में भी विपक्ष ने विदेश मंत्री को बोलने नहीं दिया। उनकी स्पीच के दौरान हंगामा किया। सांसदों ने We Want Discussion के नारे लगाए। उधर, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को हटाने की मांग वाले विपक्ष के प्रस्ताव पर चर्चा पर हंगामा हुआ। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, हम चर्चा को तैयार हैं। आप चर्चा कीजिए।

## सुप्रीम कोर्ट ने 'प्याज-लहसुन' पर रिसर्च वाली याचिकाएं कर दी खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को लहसुन-प्याज पर रिसर्च वाली याचिका खारिज करते हुए एक वकील को डांट लगा दी. पीठ की अगुवाई कर रहे ण्व्छ सूर्यकांत ने याचिकाओं की प्रकृति और ड्राफ्टिंग पर सवाल उठाते हुए टिप्पणी की कि आधी रात को ये सब याचिकाएं ड्राफ्ट करते हो क्या? इनमें से एक याचिका में अदालत से एक कमेटी बनाकर यह शोध कराने का निर्देश देने की मांग की गई थी कि प्याज और लहसुन में क्या 'तामसिक'(नॉन-वेज खाना) या नकारात्मक तत्व होते हैं? सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में कहा गया था कि जैन समुदाय प्याज-लहसुन और जड़ वाली सब्जियों को तामसिक भोजन मानकर परहेज करता है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने अदालत को बताया कि यह मुद्दा आम है और हाल ही में गुजरात हाईकोर्ट में एक तलाक का मामला भी भोजन में प्याज होने को लेकर सामने आया था. इस पर कोर्ट ने पूछा कि आप जैन समुदाय की भावनाओं को क्यों ठेस पहुंचाना चाहते हैं?

## ईरान के नये कमांडर मुजतबा खामनेई को घायल करने का दावा

● ट्रंप ने कहा था बिना हमसे पूछे ईरान का लीडर तय नहीं होगा



**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई घायल हो गए हैं। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, वे मौजूदा युद्ध के दौरान घायल हुए हैं। सरकारी टीवी ने उन्हें जानबाज बताया, जिसका मतलब है कि वे दुश्मन के हमले में घायल हुए हैं। हालांकि रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया कि मुजतबा किस घटना में घायल हुए। इससे पहले 28 फरवरी को उनकी पत्नी, बेटी और पिता की मौत हो गई थी। जंग शुरू होने के बाद से मुजतबा सार्वजनिक रूप से दिखाई नहीं दिए हैं। उन्हें बीती रात ईरान का नया सुप्रीम लीडर घोषित किया गया था। वहीं अली खामेनेई की मौत के बाद इजराइल और अमेरिका ने बिना इजाजत सुप्रीम लीडर चुनने पर खोज कर मारने की धमकी दी थी।

## पश्चिम बंगाल SIR विवाद पर कल सुनवाई करेगी बड़ी अदालत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची से हटाए गए नामों के खिलाफ एक नई याचिका पर मंगलवार को विचार करने को सहमत हुआ। यह याचिका उन लोगों ने दायर की है जिनके नाम चुनाव आयोग ने हटा दिए हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी ने बताया कि यह याचिका पहले के मतदाताओं के नाम हटाने से संबंधित है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने अधिवक्ता की दलीलें सुनीं। अधिवक्ता ने कहा कि ये वे मतदाता हैं जिन्होंने पहले मतदान किया था, लेकिन अब उनके दस्तावेज नहीं लिए गए हैं। मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि वे न्यायिक अधिकारियों के निर्णयों पर अपील में नहीं बैठ सकते।

## यूपी में 2 दिन बारिश का अलर्ट

**लखनऊ।** मौसम विभाग ने अगले दो दिन पूर्वी यूपी और आसपास के इलाकों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कई जिलों में बादल छाए रह सकते हैं। गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। 25 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। वहीं दूसरी तरफ यूपी में मार्च में ही गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है। झांसी, आगरा समेत 5 शहरों के तापमान 35°C पार कर गया है। रात में पसीने छूट रहे हैं। घरों में AC-कूलर चलने लगे हैं। सड़कों पर लोग धूप से बचने के लिए गमछे-छातों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

## चुनाव आयुक्त 'गो-बैक' का नारा बुलंद

### दर्शन करने मंदिर जा रहे ज्ञानेश कुमार के खिलाफ बंगाल में प्रदर्शन

● मतदाता सूची में गड़बड़ी करने का लगाया आरोप, दिखाया काला झंडा




**नई दिल्ली।** बंगाल विधानसभा चुनावों की तैयारियों का जायजा लेने पहुंची चुनाव आयोग की फुल बेंच को सोमवार सुबह उस वक्त असहज स्थिति का सामना करना पड़ा, जब मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के गृह इलाका कालीघाट में भारी विरोध झेलना पड़ा। सोमवार सुबह ज्ञानेश कुमार राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल के साथ कालीघाट मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे थे। उनके आगमन से पहले ही प्रदर्शनकारियों का एक बड़ा समूह मंदिर के बाहर जमा हो गया। जैसे ही मुख्य चुनाव आयुक्त मंदिर से बाहर निकले, प्रदर्शनकारियों ने उन्हें काले झंडे दिखाकर 'गो बैक' के नारे लगाने लगे। प्रदर्शनकारियों का मुख्य आरोप मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर था। उनका दावा है कि एसआइआर प्रक्रिया के नाम पर मतदाता सूची से जानबूझकर कई वैध मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। प्रदर्शनकारियों ने चुनाव आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और इस प्रक्रिया पर अपनी नाराजगी जाहिर की।

### चुप्पी साधे रहे चुनाव आयुक्त

इस बीच ज्ञानेश कुमार ने संयम बनाए रखा। उन्होंने प्रदर्शन को लेकर कोई भी टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया और चुपचाप गंतव्य के लिए रवाना हो गए। चुनाव आयोग की टीम आज से विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें शुरू करने वाली है, इस विरोध प्रदर्शन ने राज्य का सियासी पारा बढ़ा दिया है।




जनमुख हिन्दी दैनिक City लाईव
● तापमान अधिकतम : 32.7°C
● तापमान न्यूनतम : 17.8°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.59
वाराणसी, 09 मार्च, सोमवार, 2026 (3)





**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** ईरान के खिलाफ अमेरिका और इज़राइल की सैन्य कार्वाई के विरोध में साझा संस्कृति मंच, वाराणसी के आह्वान पर अम्बेडकर पार्क, कचहरी में प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक दिवसीय मौन उपवास और धरना आयोजित किया गया।

जनमुख डेस्क

# इमाम अली की याद में उठा जुलूस

## फिजा में गूंजी सदाए या अली, अजादारों ने की सीनाजनी

● जव्वादिया अरबी कालेज में भी मजलिस के बाद तुर्बत उठाई गई



**वाराणसी।** शिया मुसलामानों के पहले इमाम और पैगंबर साहब के दामाद इमाम अली की शहादत की याद में दालमंडी से सोमवार की सुबह नमाज के बाद जुलूस उठाया गया। जुलूस उठने से पहले मौलाना ने इमाम अली के तलवार लगाने के उस वाकये को बयान किया जो इस्लाम में पहली आतंकी घटना थी। जब अब्दुर्रहमान इब्ने मुल्जिम ने जहर बुझी तलवार से इमाम अली के सिर पर हमला किया था। इस हमले के बाद इमाम अली की शहादत 21 रमजान 40 हिजरी में हुई थी। शिया मुसलमान 19 रमजान से 21 रमजान तक इमाम अली का गम मनाते हैं। दालमंडी के अलावा जव्वादिया अरबी कालेज में भी मजलिस के बाद तुर्बत उठाई गई। फिजा में या अली की सदाएं गूंजती रही। जुलूस उठने से पहले मौलाना बाकर हुसैन ने मजलिस पढ़ी। जुलूसों उठने पर अंजुमन हैदरी चौक बनारस ने नौहाख्वानी वा मातम किया। नौहा- फलक पर सुबह का तारा तुलु (निकलता) है। खुदा के सजदे में साजिद शहीद होता है। पड़े हैं गश में अली खून में नहाए हुए, के जुल्फेकार के साये में शेर सोया है। इधर जव्वादिया अरबी कालेज, प्रह्लादघाट में मजलिस का आयोजन किया गया। यहां मजलिस को मौलाना हैदर अब्बास ने खेताब फरमाया। उन्होंने पढ़ा कि - इमाम अली जब जख्मी हालत में घर पहुंचे तो को-हराम मच गया। उनकी बेटियां जनाबे जैनब और जनाबे कुलसूम की चीखें निकल गयीं। इमाम अली इस दर्द से तीन दिन तक तड़पते रहे और 21 रमजान की सुबह उनकी शहादत हो गई। ये सुनकर वहां मौजूद लोग रोने लगे। बाद मजलिस तुर्बत उठाई गई।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

जुलूस को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने मुकम्मल व्यवस्था कर रखी थी। पुलिस के साथ-साथ पीएसी और आरआरएफ की टुकड़ी तैनात की गई थी। इस दौरान पुलिस बल जुलूस के साथ आगे बढ़ रहा था। जुलूस के आयोजन के दौरान जादारों ने इमाम अली के जीवन और उनके बताएं रास्ते को याद कर भाईचारे, मानवता और इंसानियत का संदेश दिया। वहीं, जुलूस के समापन के बाद लोगों ने समाज में अमन चैन की कामना की।

## समाज में मिसाल पेश करने वाली पांच दिव्यांग महिलाओं का सम्मान



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पूर्व संध्या पर दिव्यांग होने के बावजूद भी अपने प्रेरणा दायी जीवन से समाज में मिसाल पेश करने वाली ऐसी पांच दिव्यांग महिलाओं का सम्मान समारोह संत नारायण पुनर्वास संस्थान काशी विद्यापीठ ब्लॉक रोड शिवदासपुर में किया गया प्रो. डा. मंगला कपूर पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित, आरती टंडन सेवानिवृत शिक्षक 2001 में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यपाल आचार्य विष्णु कांत शास्त्री से सम्मानित 2005 में राष्ट्रपति अब्दुल एपीजे अब्दुल कलाम से सम्मानित, सविता सिंह 2011 में राज्य सरकार से सम्मानित 2015 में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित 2025 में वियतनाम में अंतर्राष्ट्रीय महिला सम्मान से सम्मानित, डॉ नीतू टहलनी राज्य पुरस्कार से सम्मानित एवं शिक्षक तथा काशी हिंदू विश्वविद्यालय से हिंदी में डॉक्टरेट, जाह्नवी चतुर्वेदी संगीत के क्षेत्र में ख्याति अर्जित करने के लिए अंगवस्त्रं एवं स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया

## गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का दिया संदेश



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में महिला सशक्तिकरण पर प्रेरक परिचर्चा आयोजित की गई। यह कार्यक्रम दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें युवतियों को आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्रभारी प्रधानाचार्या डॉ. शगुफ्ता अंसारी, संचालन एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने किया। मुख्य वक्ता डॉ. सच्चिदानंद प्रेमी, दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष डॉ. रिचा दुबे, निदेशक डॉ. राकेश दत्त मिश्र, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी और एनसीसी सीटीओ डॉ. नगमा शादाब सहित अन्य अतिथियों द्वारा वैदिक शांति पाठ और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

## देववंशी समाज का 51वां होली मिलन रंगारंग समारोह सम्पन्न

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** देववंशी समाज वाराणसी का 51वां होली मिलन रंगारंग समारोह पराड़कर स्मृति भवन के गर्दे सभागार में जिलाध्यक्ष गणेश देववंशी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में गणेश वंदना, बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम शास्त्रीय संगीत, फ्यूजन संगीत, सोमा मंडल द्वारा होली थीम पर भरतनाट्यम नृत्य, सौरव-गौरव मिश्र का कथक नृत्य, कल्पना पाण्डेय द्वारा भोजपुरी होली गीत आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अमिल कुमार डिप्टी डायरेक्टर सी.आई.डी. बिहार पुलिस उपस्थित रहे।

## जन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने जन शिकायतों का प्रत्येक दशा में निस्तारण प्राथमिकता पर किए जाने हेतु अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि इसमें लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। जिलाधिकारी शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर पिंडरा तहसील मुख्यालय पर जन समस्याओं का निस्तारण कर रहे थे। कुल प्राप्त 131 में से 12 प्रार्थना पत्रो को मौके पर ही निस्तारित करते हुये शेष प्रार्थना पत्रो को सम्बन्धित विभाग के अधिकारियो को निर्धारित समय सीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने का निर्देश दिया।

## 19 मार्च से शुरू होगी ललिता घाट पर गंगा आरती, श्रीकाशी विश्वनाथ धाम करेगा आयोजन



**वाराणसी।** भारतीय नववर्ष नवसंवत्सर 2083 व वासंतिक नवरात्र के प्रथम दिवस चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 19 मार्च को श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार के समक्ष ललिता घाट पर मां गंगा की आरती का क्रम आरंभ होगा। इसके लिए घाट पर सात मंच बनाए गए हैं, जिन पर सात अर्चक विधिवत धूप, दीप, नैवेद्य, पुष्प व दीप कुलिका से वैदिक मंत्रोच्चारों के बीच सविधि आरती करेंगे। इसकी व्यवस्था श्रीकाशी विश्वनाथ धाम की ओर से की जाएगी। मंदिर प्रशासन ने बताया कि गंगा आरती प्रतिदिन सायं छह बजे प्रारंभ होगी। आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की अपेक्षा है।

## ग्राम सभा परामपुर में घर-घर पानी पहुंचाने के लिए जल अर्पण कार्यक्रम



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** विकास खंड आराजी लाइन के ग्राम सभा परामपुर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 'जल अर्पण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने वाली पेयजल योजना ग्रामीणों को समर्पित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोहनिया विधायक सुनील पटेल ने जल अर्पण कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामवासियों को पेयजल योजना समर्पित करते हुए कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुँचाना है, जिससे ग्रामीणों के स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा जिससे उनकी कार्यक्षमता बढ़ेगी।

## वसंत कन्या महाविद्यालय ने महिला दिवस से पहले लगाया शिविर

## समाज में महिलाओं की भूमिका पर डाला गया प्रकाश

● ताली एवं लक्ष्य गीत से कार्यक्रम की शुरूआत



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई 4 वसंत कन्या महाविद्यालय द्वारा 7 मार्च 2026 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के एक दिन पहले शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, उनकी समस्याओं और समाज में उनके योगदान के प्रति जागरूकता फैलाना, विशेष रूप से भारतीय महिलाओं की भूमिका को समझाना था। कार्यक्रम में स्वागत वक्तव्य देते हुए प्राचार्य प्रो. रचना श्रीवास्तव ने आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। शुरुआत में राष्ट्रीय सेवा योजना की ताली एवं लक्ष्य गीत से हुई तत्पश्चात डा. शुभांगी श्रीवास्तव ने समस्त शिक्षिकाओं मुख्य अतिथि एवं छात्राओं का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. आरती चौधरी, डॉ. अनुराधा बापुली, डॉ अनु सिंह, डॉ पूर्णिमा सिंह, डॉ श्वेता का भी सहयोग रहा। मुख्य अतिथि प्रोफेसर शुभ्रा सिन्हा ने समाज में महिलाओं के महत्व और उनके मूल्यों को समझने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## अज्ञेय स्मृति सम्मान से वरिष्ठ कवि ज्ञानेन्द्रपति सम्मानित



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रख्यात साहित्यकार सच्चिदानंद वात्स्यायन अज्ञेय के जन्मदिवस 7 मार्च के अवसर पर कुशीनगर में आयोजित तृतीय 'अज्ञेय स्मृति सम्मान' से वरिष्ठ कवि ज्ञानेन्द्रपति को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कलावती देवी न्यास एवं विद्या श्री न्यास के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। समारोह में डॉ. महेश्वर मिश्र, डॉ. दयानिधि मिश्र, डॉ. अनंत मिश्र, डॉ. रामसुधार सिंह, न्यास के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. पारितोष मणि तथा सचिव आशुतोष मणि ने ज्ञानेन्द्रपति को शॉल, प्रतीक चिह्न, पुष्पगुच्छ और सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया। स्वागत वक्तव्य में डॉ. पारितोष मणि ने ज्ञानेन्द्रपति को संस्कृति और सामाजिक सरोकारों का सजग कवि बताया।




## महिला दिवस पर संगोष्ठी व होली मिलन

● कार्यक्रम में महिलाओं ने की बड़ी संख्या में भागीदारी



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विकास एवं शिक्षण समिति (वेस इंडिया) द्वारा महिलाओं के सम्मान, सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक संगोष्ठी एवं होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान होली मिलन का भी आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में डॉ अंशु शुक्ला, शिप्रा, सोनल, सीमा शर्मा, निधि मोहिले, माहिका, दिव्यांशी, रेनू, सुहानी, अतुल्या, आरुषि, कौशल्या, सीमा एवं रीनू सहित अन्य महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के अंत में संस्था की डिप्टी डायरेक्टर अनामिका तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं ने किया 15 यूनिट रक्तदान



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नागरिक सुरक्षा कलेक्ट्रेट प्रखंड की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पं.दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सहायक उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा विवेक कुमार राय रहे। कार्यक्रम संयोजक कलेक्ट्रेट प्रखंड के डिवीजनल वार्डेन संजय कुमार राय ने अतिथियों का स्वागत किया। रक्तदान शिविर में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 15 यूनिट रक्तदान कर समाज सेवा का सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नियमित रूप से रक्तदान करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया।

जनमुख
परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल
ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय
मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## मऊ समाचार

### बिजली चोरी मामले में अवैध वसूली, संविदाकर्मी बर्खास्तः ऊर्जा मंत्री ने लिया संज्ञान



**मऊ।** उत्तर प्रदेश के मऊ जिले में बिजली चोरी के एक मामले में अवैध धन मांगने से जुड़ा वीडियो वायरल होने के बाद प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने इसका संज्ञान लिया। उन्होंने अधीक्षण अभियंता को पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार, यह मामला 11 फरवरी 2026 का है। दोपहर 2:40 से 2:50 बजे के बीच सूचना मिलने पर मऊ के ग्राम रकौली में विद्युत विभाग की टीम ने चेकिंग की। इस दौरान फेकू यादव को बिना किसी स्वीकृत कनेक्शन के अपना निजी नलकूप चलाते हुए पाया गया। विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 12 फरवरी 2026 को दोपहर 12:02 बजे एंटी पावर थेफ्ट थाने में फेकू यादव के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया। इसके बाद 13 फरवरी 2026 को रकौली निवासी फेकू यादव ने उसी गांव के संविदाकर्मी लाइनमैन यशवंत कुमार उर्फ टुनटुन के घर जाकर बातचीत की। इस बातचीत की रिकॉर्डिंग बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

## भदोही समाचार

### डिप्टी सीएमओ समेत तीन का वेतन रोका

**भदोही।** सीएमओ डॉ. एसके चक ने रविवार को कटरा, सेमराध और उपकेंद्र इब्राहिमपुर का निरीक्षण किया। खामियां मिलने पर उन्होंने डिप्टी सीएमओ एके मौर्या, डीघ अधीक्षक पीसी बिंद व एएनएम आरती का वेतन रोक दिया। सीएमओ को इब्राहिमपुर केंद्र पर सफाई व्यवस्था बदहाल मिली। पता चला कि एएनएम आरती मौर्या मुख्यालय पर निवास नहीं करती है। इस पर सीएमओ ने नाराजगी जताई। एएनएम सहित डीघ सीएचसी अधीक्षक डॉ. पीसी बिंद और डिप्टी सीएमओ का एक दिन का वेतन रोकने का आदेश दिया। उन्होंने डिप्टी सीएमओ को सात के अंदर इब्राहिमपुर केंद्र का निरीक्षण करके इसकी रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया। वहीं दूसरी तरफ डिप्टी सीएमओ एके मौर्या की ओर से नियमित रूप से मॉनीटिरिंग न करने पर नाराजगी जताई।

## जौनपुर समाचार

### रमजान की बरकतों के बीच इफ्तार में गूंजा अमन और मोहब्बत का पैगाम



**जौनपुर।** नगर के बेगमगंज स्थित मदरसा जामिया इमाम जाफर सादिक में पवित्र माह-ए-रमजान के 17 रमजान को शिया धर्मगुरु मौलाना सफदर हुसैन जैदी की ओर से रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। रोजा इफ्तार कर आपसी भाईचारे, प्रेम और एकता का संदेश दिया। मौलाना डॉ. काजिम मेंहदी उरूज ने कहा कि पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद साहब का संदेश पूरी मानवता के लिए अमन, मोहब्बत और शांति का पैगाम है। उन्होंने कहा कि रमजान बरकतों और रहमतों का महीना है। इसमें इंसान को अपने अंदर की बुराइयों को दूर कर अच्छे कार्यों की ओर बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि रोजा इंसान को सब्र और इंसानियत का पाठ पढ़ाता है। यह महीना हमें गरीबों, जरूरतमंदों और बेसहारा लोगों की मदद करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के आयोजक मौलाना सफदर हुसैन जैदी ने कहा कि माह-ए-रमजान में अल्लाह नेकियों का सवाब कई गुना बढ़ा देता है। उन्होंने कहा कि रोजा केवल भूखा-प्यासा रहने का नाम नहीं बल्कि यह इंसान को हमदर्दी, इंसानियत और दूसरों की तकलीफ को समझने की सीख देता है। इफ्तार से पहले शिया समुदाय की नमाज मौलाना सफदर हुसैन जैदी ने अदा कराई।

## बलिया समाचार

### बाइक सवार की मौत के मामले में बस चालक पर प्राथमिकी

**चौकियामोड़।** उभांव थाना क्षेत्र के बेल्थरारोड-चौकिया मार्ग पर एक मार्बल की दुकान के सामने 4 फरवरी की देर शाम रोडवेज से अनुबंधित बस की चपेट में आने से बाइक सवार अकबर घायल हो गए थे। इलाज के दौरान वाराणसी के ट्रॉमा सेंटर में उनकी मौत हो गई।

मामले में युवक के पिता मंजूर की तहरीर पर पुलिस ने चालक आशुतोष राय के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। एसएचओ संजय शुक्ला ने बताया है कि हिता का पूरा थाना रसड़ा निवासी मंजूर ने दी तहरीर में बताया है कि मेरा बेटा अकबर 4 मार्च को 9:55 बजे रात को अपने रेस्टोरेंट के मालिक अब्दुल कादिर को बाइक से उनके घर छोड़कर वापस आ रहा था। इसी दौरान चौकियामोड़ की ओर से रोडवेज की अनुबंधित बस ने उसे टक्कर मार दी।

## गाजीपुर समाचार

### टीम इंडिया की जीत पर कप्तान सूर्यकुमार यादव के गांव में मना जश्न, अतिशबाजी कर खिलाई मिठाई



**गाजीपुर।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे विश्व कप फाइनल मुकाबले को लेकर सैदपुर तहसील के इंडिया टीम के टी-20 के कप्तान सूर्यकुमार यादव के हथौड़ा गांव में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के पैतृक गांव में ग्रामीणों ने टीम इंडिया की जीत के लिए पूजा-अर्चना कर दुआ मांगी। टीम इंडिया की जीत के बाद गांव में लोगों ने अतिशबाजी के साथ ही मिठाई बांटकर जश्न मनाया। सूर्यकुमार यादव के चाचा राज कपूर यादव ने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ क्षेत्र के प्रसिद्ध मारकंडेय महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर टीम इंडिया की जीत की कामना की। पूजा के दौरान परिवार के लोगों ने भगवान से प्रार्थना की कि भारतीय टीम विश्व कप जीतकर देश का नाम रोशन करे। परिजनों का कहना है कि भगवान मारकंडेय महादेव की कृपा से भारतीय टीम जरूर जीत हासिल करेगी। पूजा के बाद परिवार के लोग और गांववासी मैच को लेकर काफी उत्साहित नजर आए। फाइनल मुकाबले को लेकर गांव के लोग काफी उत्साहित हैं और उन्हें उम्मीद है कि अगर टीम इंडिया जीत दर्ज करती है तो हथौड़ा गांव में भी भव्य जश्न मनाया जाएगा।

## चंदौली समाचार

### पत्नी से विवाद के बाद दुपट्टे से लटक कर पति ने दी जान

**चंदौली।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत शक्तिनगर स्थित एक घर में शनिवार को पति-पत्नी के बीच जमकर विवाद हो गया। विवाद के बाद पति ने पत्नी का दुपट्टा लेकर कमरे का दरवाजा बंद कर लिया। कुछ देर बाद कमरे में पत्नी के दुपट्टे के सहारे फंदा लगाकर पति का झूलता हुआ शव मिला। घटना के बाद चीख पुकार मच गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने उसे नीचे उतारा और जिला संयुक्त चिकित्सालय ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चकिया कोतवाली क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 शक्ति नगर के रहने वाले संदीप जायसवाल (32) का उसकी पत्नी पूजा जायसवाल से अक्सर किसी ना किसी बात पर विवाद होता रहता था। दोनों के दो बच्चे हैं इसमें एक की उम्र तीन वर्ष और दूसरे की उम्र एक वर्ष है।

## मीरजापुर समाचार

### नवरात्र मेला के तैयारियो के दृष्टिगत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने प्रशासनिक भवन में अधिकारियो के साथ बैठक कर की समीक्षा



**मीरजापुर।** विन्ध्यवासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल में आगामी 18/19 मार्च 2026 की मध्य रात्रि से प्रारम्भ होने वाले चैत्र नवरात्र मेला की तैयारियो के दृष्टिगत जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सम्बन्धित अधिकारियो/कार्यदायी एजेंसियो के साथ प्रशासनिक भवन विन्ध्याचल में बैठक कर एक–एक विभाग से किए जा रहे कार्यो की प्रगति के बारे में जानकारी ली। कार्यदायी यू0पी0सी0एल0 के द्वारा रेलवे स्टेशन व रोडवेज सहित अन्य स्थानो पर बनाए जा रहे शौचालयो की प्रगति अत्यंत खराब होने पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी फटकार लगाते हुए 13 मार्च 2026 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कराते हुए हैण्डओवर करने का निर्देश दिया।

शौचालयो में सीवर कनेक्टिविटी, प्रकाश व्यवस्था, पानी आपूर्ति की पर्याप्त व्यवस्था रहे। नगर पालिका परिषद मीरजापुर को निर्देशित करते हुए कहा कि विन्ध्याचल के प्रत्येक गलियो व नालियो की सफाई समय से करा ली जाए। कूड़े का ढेर, प्लास्टिक पन्नी कही न रहे, नालियो का सीवर, मशीन लगाकर क्लीन कराया जाए।

अखाड़ा घाट से दीवान घाट तक के रास्तो का मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था व बेहतर साफ सफाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि बिजली के खम्भो, डिवाइडर व अन्य स्थानो पर अवैध रूप से लगे होर्डिंग, बैनर आदि को भी हटाया जाए।

तीनो मन्दिरो के अलावा अस्थायी बिजली कनेक्शन लेने वालो की वायरिंग आदि की समुचित सत्यापन बिजली विभाग तथा विद्युत सुरक्षा विभाग द्वारा किया जाए कहीं भी असुरक्षित बिजली न्वाइंट न रहने पाए। खराब व टूटे पोल, ढीले तारो को व्यवस्थित करने का निर्देश दिया गया।

## देवरिया समाचार

### कार की टक्कर से व्यवसायी की मौत

**बखरा।** गौरी बाजार-रुद्रपुर मार्ग के कटाई चौराहे के समीप शनिवार को देर रात रुद्रपुर के राम लक्षन चौराहे से अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे 30 वर्षीय बाइक सवार युवक की तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से मौत हो गई। मुकामी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए देवरिया भेज दिया। युवक की आकस्मिक मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। गौरी बाजार कस्बा के वार्ड संख्या-दो उद्योग नगर शुगरमिल कॉलोनी निवासी रवि जायसवाल उर्फ श्वेतांक की रुद्रपुर क्षेत्र के राम लक्षन चौराहे पर कपड़े की दुकान है। रोज की तरह शनिवार को देर रात वह अपनी दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी बीच कटाई चौराहे पर अंग्रेजी शराब की दुकान के समीप गौरी बाजार की ओर से तेज रफ्तार आ रही कार की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए।

## प्रयागराज समाचार

### आशुतोष ब्रह्मचारी का कॉल्विन अस्पताल में कराया गया मेडिकल, चलती ट्रेन में हुआ हमला, नाक काटने का प्रयास



**प्रयागराज।** जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पर पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी को घायल अवस्था में मोतीलाल नेहरू जिला चिकित्सालय (कॉल्विन अस्पताल) लाया गया। उन्हे जीआरपी पुलिस लेकर पहुंची। यहां उनका मेडिकल कराया गया। वीडियो कैमरों की निगरानी में उनका मेडिकल कराया गया। बताया जा रहा है उनकी नाक पर चोट लगी है। इसके अलावा शरीर के कुछ अन्य हिस्सों पर हल्के चोट के निशान हैं। कड़ी सुरक्षा के बीच उनको अस्पताल लाया गया। आशुतोष ब्रह्मचारी ने शंकराचार्य और उनके शिष्यों पर हमले का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए कोर्ट में अर्जी देने वाले आशुतोष महाराज ब्रह्मचारी पर रीवा एक्सप्रेस ट्रेन में रविवार तड़के करीब पांच बजे धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। एसी कोच में प्रयागराज जा रहे महाराज ने कहा कि धारदार हथियार से किए गए इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

## आजमगढ़ समाचार

### पिता 7वीं शादी की तैयारी में, नाबालिग बेटे ये कर मंसूबों पर फेरा पानी

**अहरौला।** अपने 55 वर्षीय पिता पर सातवीं शादी की तैयारी करने का आरोप लगाते हुए नाबालिग बेटे ने थाने में तहरीर देकर रोक लगाने की मांग की है। बेटे ने पिता पर जमीन बेचने के लिए एडवांस पैसे लेने का भी आरोप लगाया है। अहरौला थाना प्रभारी अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग बेटे ने थाने में तहरीर देकर अपने पिता पर सातवीं शादी करने का आरोप लगाया है। बेटे ने बताया है कि उसके 55 वर्षीय पिता अभी तक छह शादियां कर चुके हैं, अब सातवीं शादी करने की तैयारी में लगे हुए हैं। बेटे ने बताया है कि पिता ने मेरी मां से तीसरी शादी की थी, उसके पहले दो शादियां और कर चुके थे। अभी तक कुल छह शादियां कर चुके हैं। छठवीं शादी 2024 में की थी।

## गोरखपुर समाचार

### बोर्ड परीक्षा दिलाने जा रहे भाई की सड़क हादसे में मौत, बहन घायल





**गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी बहन सहित दो लोग घायल हो गए।

युवक अपनी बहन को इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा दिलाने जा रहा था। रास्ते में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बेलपार पाठक गांव निवासी अनीस गौड़ पुत्र विपिन गौड़ सोमवार सुबह करीब सात बजे अपनी बहन श्रेया गौड़ को इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा दिलाने के लिए बड़हलगंज क्षेत्र के एक विद्यालय ले जा रहा था। दोनों जैसे ही गोला–उरुवा मार्ग पर चंदौली गांव के पास पहुंचे, सामने से आ रही दूसरी बाइक से जोरदार टक्कर हो गई।

हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोला पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने अनीस गौड़ को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

दूसरे घायल की पहचान 28 वर्षीय रामदयाल पुत्र रामआसरे निवासी खिरजीपुर जिला अंबेडकर नगर के रूप में हुई है। चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि रामदयाल का ससुराल गोला थाना क्षेत्र के पतरा गांव में है और वह ससुराल से विवाद के बाद वापस अपने घर जा रहा था।मृतक अनीस गौड़ अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था और स्नातक का छात्र था। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## सोनभद्र समाचार

### जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति ( दिशा ) की बैठक सम्पन्न



**सोनभद्र।** ''जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति'' के अध्यक्ष/मा0 सांसद श्री छोटेलाल खरवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की गयी। मा0 सांसद जी द्वारा सभी विभागों को निर्देश दिया गया कि विभागों को विभिन्न विकास कार्यों के लिए मिलने वाली धनराशि, क्या काम कराया गया और कितना व्यय किया गया, इसकी सूचना मा0 जनप्रतिनिधिगण को दी जाय। विकास कार्यों को पूर्ण कराने के लिए मानक समय सीमा निर्धारित की जाय तथा उसी अवधि में कार्य पूर्ण कराया जाय। यदि निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं हो रहा है तो उसका कारण बताया जाय। इस बैठक में समस्त संबंधित अधिकारीगण की उपस्थिति सुनिश्चित करायी जाय, जिससे आम जनता से प्राप्त होने वाली समस्याओं एवं उसके समाधान पर चर्चा की जा सके। इसके अतिरिक्त मा0 जन प्रतिनिधियों जैसे मा0 विधायकगण, मा0 प्रमुखगण आदि भी उपस्थित हों जिससे इस समिति के माध्यम से जनता की समस्याओं पर चर्चा कर उनका समाधान कराया जा सके। मा0 सांसद द्वारा पटवध से बसुहारी सम्पर्क मार्ग के अभी तक पूर्ण नहीं हो सकने पर चिन्ता व्यक्त की गयी तथा निर्देशित किया गया कि उस सम्पर्क मार्ग को यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाय।

## सुल्तानपुर समाचार

### डबल नहर उफान पर, 10 गांव खतरे में:गोविंदपुर क्षेत्र में तीन दिन से प्रशासन बेखबर



**सुल्तानपुर।** बल्दीराय क्षेत्र में हर्ष महाविद्यालय के पास स्थित डबल नहर पिछले तीन दिनों से उफान पर है। गोविंदपुर के निकट नहर का पानी ओवरफ्लो होकर दूसरी नहर में जा रहा है, जिससे आसपास के लगभग 10 गांवों पर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। इस गंभीर स्थिति के बावजूद, प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों के अनुसार, गोविंदपुर की ओर वाली नहर में पानी का दबाव लगातार बढ़ रहा है। इसी कारण पानी दूसरी नहर में बहने लगा है, जिससे नहर के कटान का खतरा बढ़ गया है। यदि नहर टूटती है, तो गोविंदपुर क्षेत्र के लगभग 10 गांवों में पानी घुस सकता है। इससे सैकड़ों किसानों की खड़ी फसलें बर्बाद होने और कई घरों के तबाह होने की आशंका है। क्षेत्र के किसानों ने बताया कि इस समय खेतों में गेहूं और अन्य फसलें खड़ी हैं, जो नहर टूटने पर पूरी तरह नष्ट हो जाएंगी। इससे पूरे इलाके में भारी आर्थिक नुकसान होने का अनुमान है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या तीन दिनों से बनी हुई है, लेकिन सिंचाई विभाग या स्थानीय प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि यदि समय रहते नहर की मरम्मत और सुरक्षा इंतजाम किए जाते, तो बड़े नुकसान से बचा जा सकता था।

बल्दीराय निवासी वकील अहमद ने इस मामले की जानकारी देते हुए बताया कि नहर में पानी का दबाव लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जल्द संज्ञान नहीं लिया, तो क्षेत्र में गंभीर स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन और सिंचाई विभाग से तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने और नहर की मरम्मत कराने की मांग की है। इस संबंध में, तहसीलदार बल्दीराय अरविंद तिवारी ने कहा कि मामले की जांच कराई जा रही है और रिपोर्ट आने पर हर संभव मदद की जाएगी।

## लाइफ मंत्र

### क्या भगवान शिव को पाने के लिए चाहिए कोई विशेष योग्यता ? जानें शास्त्रों का रहस्य




क्या महादेव की भक्ति का अधिकार केवल कुछ खास लोगों को ही है। अक्सर हमारे मन में यह धारणा होती है कि अध्यात्म के मार्ग पर चलने या शिव जैसी परम चेतना को पाने के लिए हमें बहुत बड़ा विद्वान, त्यागी या पूरी तरह 'पवित्र' होना अनिवार्य है। लेकिन शास्त्रों की गहराई में उतरें तो पता चलता है कि शिव तो अघोर हैं, जो भेदभाव से परे हैं। शिव-तत्व को प्राप्त करना किसी डिग्री या सामाजिक योग्यता का विषय नहीं है, बल्कि यह आपके भीतर की सहजता और समर्पण का विषय है। जिस तरह हवा सबके लिए समान रूप से बहती है, वैसे ही शिव की कृपा एक पंडित, एक गृहस्थ और यहां तक कि राह भटके हुए व्यक्ति के लिए भी उतनी ही सुलभ है। तो आइए जानते हैं कैसे अपनी मान्यताओं, अहंकार और अपराध-बोध के बोझ को उतारकर हम उस अनंत चेतना का हिस्सा बन सकते हैं, जिसे पूरी दुनिया 'महादेव' के नाम से पुकारती है।

**मान्यताओं का त्याग ही असली योग्यता है**

शिव को पाने की पहली शर्त यह नहीं है कि आप कितने अच्छे हैं, बल्कि यह है कि आप अपनी धारणाओं को छोड़ने के लिए कितने तैयार हैं। जब हम खुद को बहुत पवित्र मानते हैं, तो अहंकार आ जाता है। जब हम खुद को पापी मानते हैं, तो अपराधबोध हमें दबा देता है। ये दोनों ही मानसिक बोझ हैं। शिव तक पहुँचने के लिए इन दोनों को ही ईश्वर के चरणों में समर्पित कर देना होता है।

**शून्य होने की कला**

शास्त्र कहते हैं कि ईश्वर से मिलने में उतना समय भी नहीं लगता जितना एक फूल तोड़ने में लगता है। यह तत्क्षण संभव है। लेकिन इसके लिए एक विशेष अवस्था चाहिए। 'मैं कुछ भी नहीं हूं और मुझे कुछ भी नहीं चाहिए।' जब मन की सारी लालसाएं और द्वेष शांत हो जाते हैं, तब आप गहराई से विश्राम की स्थिति में आते हैं। यही महाशिवरात्रि का वास्तविक अर्थ है- दिव्य चेतना में विश्राम करना।

**जब डकैत भी बन गया भिक्षु**

इतिहास गवाह है कि योग्यता समय के साथ अर्जित नहीं की जाती, बल्कि यह आकांक्षा की तीव्रता से पैदा होती है। बुद्ध के काल का खूंखार डकैत अंगुलिमाल, जिसने 999 हत्याएं की थीं, बुद्ध के संपर्क में आते ही भीतर से पिघल गया। बुद्ध के प्रकाश और प्रेम ने उसे झकझोर दिया और वह एक महान ध्यानी बना। यह प्रमाणित करता है कि अतीत चाहे कैसा भी हो, वर्तमान की 'जागृति' आपको शिव से जोड़ सकती है।

## महंगे Lip Balm छोड़िए! चुकंदर-एलोवेरा से बनाएं ये जेल, पाएं Baby Soft Lips वाला ये Beauty Hack



होठों के सूखेपन और पपड़ी निकलने की समस्या से छुटकारा पाने के लिए घर पर एक खास लिप जेल तैयार करें। चुकंदर, एलोवेरा और विटामिन ई से बना यह घरेलू उपाय फटे होठों को मुलायम और गुलाबी बनाने में मदद करता है। महिलाएं अपने चेहरे को सुंदर बनाने के लिए कई प्रयास करती है, लेकिन कुछ छोटी-छोटी चीज हमारे चेहरे की खूबसूरती को कम कर देती है। जैसे होठों का रुखापन या होठों की पपड़ी निकलना भी एक आम समस्या है, जिसकी वजह से अधिकत्तर परेशान रहती है।

**फटे होठों के लिए एक खास उपाय**

यदि आप फटे होंठ को गुलाबी और मुलायम बनाना चाहती हैं, तो आपको परेशान होने की जरुरत नहीं है। इस लेख हम आपको ऐसे लिप जेल के बारे में बताएंगे, जिसे कम खर्च में घर पर तैयार कर सकती हैं।

**लिप जेल बनाने के लिए सामग्री**

- चुकंदर का रस
- एलोवेरा जेल
- विटामिन ई कैप्सूल
- नारियल तेल

**लिप जेल बनाने का तरीका**

- लिप जेल बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में ताजा एलोवेरा जेल लें।
- अब इस एलोवेरा में थोड़ा चुकंदर का जूस निकालकर मिक्स कर दें।
- फिर दोनों को अच्छे से मिला लें। इसके बाद थोड़ा नारियल तेल और विटामिन ई कैप्सूल भी ऐड कर सकते हैं।
- आखिर में इन सभी सामग्री को अच्छे से फेंट लें। अब आपका होममेड लिप जेल बनकर तैयार है।
- इसके आप एयरटाइट डिब्बे में भरकर रख दें।
- रोजाना रात को सोने से पहले लिप जेल होठों पर इस्तेमाल कर सकती हैं।
- रात भर इसे लगा रहने दें, दूसरे दिन अपने चेहरे के साथ होंठों को भी धो लें।
- यदि आप इस लिप जेल का पहली बार प्रयोग करें, तो पैच टेस्ट जरुर करें। इसके बाद ही इस्तेमाल करें।



## झड़ते बालों ने कर दिया है परेशान, तो घर पर ही बनाएं ये नेचुरल हेयर सीरम

**लेकिन मार्केट में मिलने वाले बहुत से हेयर सीरम सिर्फ़ बालों पर कोट करते हैं और टेम्परी शाइन देते हैं, लेकिन वे असल में जड़ों को मज़बूत नहीं करते। लेकिन इस चक्कर में हम सभी अपने हजारों रुपये खर्च कर देते हैं।**

जब भी बालों से जुड़ी परेशानियों की बात होती है तो हेयर फॉल का नाम जरूर लिया जाता है। झड़ते बालों की समस्या का सामना हम सभी ने कभी ना कभी किया ही है। इसके पीछे कई वजहें जिम्मेदार हो सकती हैं, जैसे स्ट्रेस, पॉल्यूशन, खराब डाइट, हार्मोनल असंतुलन या फिर केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना। ऐसे में हम सभी तरह-तरह के हेयर प्रोडक्ट्स की तरफ भागते हैं।

हेयर फॉल को कम करने के लिए हेयर सीरम काफी पॉपुलर है। लेकिन मार्केट में मिलने वाले बहुत से हेयर सीरम सिर्फ़ बालों पर कोट करते हैं और टेम्परी शाइन देते हैं, लेकिन वे असल में जड़ों को मज़बूत नहीं करते। लेकिन इस चक्कर में हम सभी अपने हजारों रुपये खर्च कर देते हैं। ऐसे में बेहतर होगा कि आप घर पर ही हेयर सीरम बनाकर उसे अप्लाई करें। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको हेयर फॉल को रोकने के लिए घर पर ही सीरम बनाने के तरीके के बारे में बता रहे हैं-

**एलोवेरा और कैस्टर ऑयल से बनाएं हेयर सीरम**

अगर आप हेयर फॉल को रोकने के साथ-साथ बालों की अच्छी ग्रोथ भी चाहते हैं तो यह हेयर सीरम आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। जहां एलोवेरा स्कैल्प की जलन को शांत करने, डैंड्रफ कम करने और बालों की जड़ों को हाइड्रेट करने में मदद करता है, वहीं कैस्टर ऑयल स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर करता है और बालों की जड़ों को मजबूत करता है।

**आवश्यक सामग्री**

2 टेबलस्पून एलोवेरा जेल
1 टेबलस्पून कैस्टर ऑयल
1 टेबलस्पून नारियल तेल
5 बूंद रोजमेरी ऑयल (ऑप्शनल)

**बनाने का तरीका-**

सभी सामग्री को एक छोटे कटोरे में तब तक मिलाएं जब तक यह स्मूद न हो जाए। इसे एक छोटी कांच की बोतल में स्टोर करें। स्कैल्प पर कुछ बूंदें लगाएं और 5 मिनट तक हल्के हाथों से मसाज करें। रात भर या कम से कम 1 घंटे के लिए छोड़ दें।

**गुलाब जल और विटामिन ई से बनाएं सीरम**

अगर आपके ऑयली हेयर हैं तो ऐसे में आप इस सीरम को बना सकते हैं। यह ना केवल ऑयली स्कैल्प को कंट्रोल करता है, बल्कि स्कैल्प की सूजन से होने वाले बालों के झड़ने को कम करता है। साथ ही साथ, इससे बालों में एक चमक भी आती है।

**आवश्यक सामग्री**

3 टेबलस्पून गुलाब जल
1 टेबलस्पून एलोवेरा जेल
1 विटामिन ई कैप्सूल

**कैसे बनाएं**

सबसे पहले सब कुछ अच्छी तरह मिलाएं और एक स्प्रे बोतल में स्टोर करें। स्कैल्प और बालों पर हल्का स्प्रे करें।

**ग्रीन टी और एलोवेरा से बनाएं हेयर सीरम**

अगर आपके बाल पतले हैं तो ऐसे में आप ग्रीन टी और एलोवेरा से हेयर सीरम बनाकर लगाएं। यह ना केवल बालों की डेंसिटी बढ़ाता है, बल्कि शाइन और सॉफ्टनेस भी लाता है।

**आवश्यक सामग्री**

3 टेबलस्पून ग्रीन टी
1 टेबलस्पून एलोवेरा जेल
1टीस्पून बादाम का तेल

**बनाने का तरीका-**

सबसे पहले सभी सामग्री को मिक्स करें और एक बोतल में स्टोर करें। बाल धोने के बाद स्कैल्प पर लगाएं।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
समय प्रात: 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

## चेहरे पर चाहिए Natural Glow, ये Papaya फेस मास्क देगा कोरियन जैसी Flawless Skin



आजकल लोगों में कोरियन ब्यूटी का क्रेज ज्यादा देखने को मिल रहा है। ऐसे में अगर आप भी कोरियन स्टार जैसी ग्लास स्किन पाना चाहती हैं, तो आज हम आपको एक ऐसे फल के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको फेस पर लगाने से आपकी स्किन भी शीशे जैसी चमक उठेगी।

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों को त्वचा संबंधी समस्याएं देखने को मिल रही हैं। इससे चेहरे की रंगत डाउन होती है और साथ ही डार्क सर्कल, दाग-धब्बे और झाईयों की समस्या भी बढ़ रही है।

वहीं खूबसूरत दिखने की चाहत लगभग हर किसी को होती है। ऐसे में महिलाएं और लड़कियां ग्लोइंग स्किन पाने के लिए मार्केट में मिलने वाले महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन इन प्रोडक्ट्स का भी कोई खास असर देखने को नहीं मिलता है।

आजकल लोगों में कोरियन ब्यूटी का क्रेज ज्यादा देखने को मिल रहा है। ऐसे में अगर आप भी कोरियन स्टार जैसी ग्लास स्किन पाना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसे फल के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको फेस पर लगाने से आपकी स्किन भी शीशे जैसी चमक उठेगी।

**स्किन के लिए फायदेमंद है पपीता**

दरअसल, हम यहां जिस फल की बात कर रहे हैं, वह पपीता है। यह एक ऐसा फल है, जो चेहरे की रंगत को निखारने के साथ डार्क सर्कल्स और दाग-धब्बों को भी कम करता है। पपीता में विटामिन ए, विटामिन सी, फाइबर और फोलेट अच्छी मात्रा में पाया जाता है। यह स्किन केयर में भी सहायता करते हैं।

**ऐसे करें इस्तेमाल**

कोरियन स्टार जैसी ग्लास स्किन पाने के लिए पपीते और कच्चे दूध का फेस पैक बना सकती हैं। इसके लिए एक चम्मच कच्चे दूध में तीन चम्मच मैश किया हुआ पपीता मिलाएं। फिर एक गाढ़ा पेस्ट तैयार करें। अब इस पेस्ट को 10-15 मिनट के लिए फेस पर अप्लाई करें। इसके बाद नॉर्मल पानी से फेस वॉश कर लें। आप सप्ताह में 2 से 3 बार इस फेस पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं।

**जानिए पपाया फेस मास्क के फायदे**

पपाया फेस मास्क चेहरे की रंगत को निखारता है। यह झाइयों और दाग-धब्बों को भी कम करने में असरदार है। यह स्किन की गहराई से सफाई करता है। इससे आपकी स्किन फ्रेश नजर आती है।

**रखें ध्यान**

इस फेस पैक का रात में इस्तेमाल करना चाहिए। इसके इस्तेमाल से पहले पैच टेस्ट जरूर लें। कोई दिक्कत होने पर एक्सपर्ट की सलाह लें।

कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साईं मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप

NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Neelam stone, Pokhraj stone, Panna stone, Manik stone, Moonga stone, Opal stone, Lahsuniya stone, Firoza stone, Gomed Stone, Diamond stone
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
1 Mukhi Rudraksh, 7 Mukhi Rudraksh, Trijugi Rudraksh, 9 Mukhi Rudraksh, 12 Mukhi Rudraksh, 14 Mukhi Rudraksh, 21 Mukhi Rudraksh, Ganesh Rudraksh, Gauri Shankar Rudraksh
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170